News सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-116

पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

# बिहार सिटी चीफ

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार, बुधवार 31 जुलाई 2024




**आज का विचार**

उम्मीद रखना ऊँची उड़ानों की छांव
में ना खो जाना तुम, ठोकरों से सीख
लेना ज़रा सफर जारी रखना तुम।

### पटना के कोचिंग संस्थानों का SDM ने किया निरीक्षण

## बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहा कई इंस्टीट्यूट

## जांच में मिली कई लापरवाही

**चन्दन कुमार चौब । सिटी चीफ**

पटना, दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर स्थित राव ढ्रूस कोचिंग सेंटर में 27 जुलाई को 3 स्टूडेंट्स की मौत कोचिंग की लचर व्यवस्था और लापरवाही के चलते हो गयी थी। कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में अचानक बारिश का पानी भरने से यह घटना हुई थी। मृतकों में 2 छात्राएं और एक छात्र शामिल थे। तेलंगाना की 25 साल की तान्या सोनी और यूपी के अंबेडकर नगर की श्रेया जबकि केरल के रहने वाले छात्र नेविन डालविन के रूप में तीनों की पहचान हुई थी। जिसके बाद कोचिंग मालिक सहित 5 लोगों को अबतक गिरफ्तार किया जा चुका है।




इस घटना से छात्रों में खासा आक्रोश देखने को मिल रहा है। छात्र लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और कोचिंग वालों से पूछ रहे हैं कि इस तरह की लापरवाही आखिर कब तक देखने को मिलेगी। दिल्ली की घटना के बाद आज पटना के लंगरटोली, मछुआटोली, मुसल्लहपुर और भिखना पहाड़ी इलाके में चल रहे कोचिंग सेंटरों का निरीक्षण किया गया। पटना एसडीएम खांडेकर श्रीकांत कुंडलिक के नेतृत्व में पटना के कोचिंग सेंट्ररों की जांच की गयी।

पटना जिला प्रशासन की टीम ने पटना के कोचिंग हब मुसल्लमपुर हाट के कई कोचिंग संस्थानों में अनुमंडल पदाधिकारी पटना के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन और अग्निशमन बल के साथ संयुक्त जांच अभियान चलाया। गुरु रहमान समेत अन्य कोचिंग संचालकों के सेंटर का पुलिस, जिला प्रशासन और अग्निशमन की संयुक्त जांच के दौरान सुरक्षा को लेकर लापरवाही नजर आई। छोटे कमरे में सैकड़ो की संख्या में छात्रों को बैठने की व्यवस्था की गयी थी। सुरक्षा और अग्निशमन की सुरक्षा के मानकों की अनदेखी की गयी।

जिला प्रशासन की टीम 15 दिनों के भीतर तमाम कोचिंग सेंटरों का सर्वे करेगी और जांच रिपोर्ट पटना डीएम को सौंपेंगी। वही लापरवाही बरतने वाले कोचिंग के मालिकों को सेंटर बंद करने तक का आदेश दिया जाएगा। कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण करने वाले पदाधिकारी ने बताया कि पटना के मछुआटोली, लंगरटोली, भिखना पहाड़ी और मुसल्लहपुर अहरा में चल रहे कोचिंग संस्थानों का सर्वे किया गया है. जिसमें यह बात निकलकर सामने आई है कि कई कोचिंग का रजिस्ट्रेशन ही नहीं है। बिना रजिस्ट्रेशन के ही कई कोचिंग चल रहा है। कोचिंग एक्ट के तहत इन सभी पर कार्रवाई की जाएगी।

वही कई कोचिंग में एंट्री और एक्जिट गेट एक ही पाया गया है। इन सभी बातों को पटना डीएम के समक्ष रखेंगे। यदि बिल्डिंग वायलॉज का उल्लंघन है या नहीं नगर निगम के माध्यम से नोटिस करके जांच की जाएगी। निरीक्षण के दौरान कोचिंग में कई अनियमितता मिल रही है जिसकी रिपोर्ट तैयार की जाएगी। पदाधिकारी ने बताया कि पटना डीएम ने पटना में चल रहे कोचिंग संस्थानों के सर्वे के लिए टीम का गठन किया है। हम लोगों से सभी कोचिंग संस्थानों से पन्द्रह दिन के भीतर रिपोर्ट मांगा गया है। जितना संभव होगा 15 दिन में मैक्सिमम कोचिंग का सर्वे करेंगे। निबंधित और बिना निबंधित कोचिंग संस्थानों की लिस्ट तैयार की जा रही है। जल्द ही बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे कोचिंग संस्थानों के मालिकों पर कार्रवाई की जाएगी।

## संदिग्ध हालत में पेड़ से लटका मिला यूट्यूबर का शव

### गांव के ही लोगों पर हत्या करने का आरोप

**चन्दन कुमार चौब । सिटी चीफ**

मुजफ्फरपुर, मुजफ्फरपुर में बदमाशों ने एक यूट्यूबर की हत्या कर उसके शव को पेड़ से लटका दिया और मौके से फरार हो गए। मंगलवार की सुबह युवक का शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। परिजनों ने गांव के ही कुछ लोगों पर हत्या कर शव को पेड़ से लटकाने का आरोप लगाया है। घटना तुर्की थाना क्षेत्र के छाजन गांव की है।



जानकारी के मुताबिक, सोमवार की रात छाजन गांव निवासी स्व. उमेश लाल भगत का 21 वर्षीय बेटा गौरव खाना खाकर सोने चला गया। रात करीब 11 बजे किसी अज्ञात नंबर से उसके मोबाइल पर फोन आया। जिसके बाद वह अपनी मां इंदल देवी को थोड़ी देर में आने की बात कहकर चला गया। काफी देर होने के बाद भी गौरव घर नहीं लौटा, जिसके बाद परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की।

मंगलवार की सुबह ग्रामीणों ने गौरव के शव को पेड़ से लटका हुआ देखा। ग्रामीणों द्वारा जानकारी दिए जाने के बाद परिजन आनन-फानन में घटनास्थल पर पहुंचे। शव को देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को पेड़ से नीचे उतारा गया। उसके बाद स्त्रस्रु की टीम को बुलाया गया। स्त्रस्रु की टीम ने भी मौके पर जांच पड़ताल की। पुलिस ने मौके से गौरव का मोबाइल, गमछा समेत कई सामान जब्त किया।

मृतक की मां ने बताया कि गांव के ही कुछ लोग गौरव को धमकी दिए थे कि उसकी हत्या कर देंगे। जिसको लेकर कोर्ट में शिकायत भी किए थे। पुलिस को भी मामले की जानकारी दिए थे लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई नहीं की। रात उसको किसी का फोन आया, जिसके बाद वो घर से निकल गया। देर रात तक घर वापस नहीं लौटा। आज सुबह पेड़ से लटका हुआ उसका शव मिला है।

### बिहार की इन महिलाओं को बड़ी सौगात

## डबल इंजन सरकार हर महीने देगी चार चार हजार; ऐसे लें योजना का लाभ

**चन्दन कुमार चौब । सिटी चीफ**

पटना, बिहार की डबल इंजन सरकार उन महिलाओं को आर्थिक मदद दे रही है जिन महिलाओं के पति की या तो मौत हो चुकी है या फिर उनका तलाक हो गया है। विधवा और तलाकशुदा महिलाओं के बच्चों की पढ़ाई और पालन पोषण के लिए बिहार सरकार हर महीने चार-चार हजार रुपए की आर्थिक मदद देगी। एक परिवार में अधिक से अधिक दो नाबालिग बच्चे इसका लाभ ले सकते हैं।



दरअसल, बिहार की डबल इंजन सरकार ऐसे बच्चों को आर्थिक मदद देगी जिन बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है। बिहार सरकार के सामाजिक कल्याण विभाग ने इस योजना की शुरुआत की है। इसके लिए ऑनलाइन या ऑफलाइन अप्लाई किया जा सकता है।

विभागीय मंत्री मदन सहनी की मानें तो सरकार का लक्ष्य है कि विधवा और तलाकशुदा महिलाओं की अधिक से अधिक मदद की जाए।

इस योजना के तहत ऐसी महिलाओं के दो नाबालिग बच्चों को पढ़ाई और पालन-पोषण के लिए हर महीने चार-चार हजार रुपए की सहायता दी जाएगी। यह योजना का लाभ उन्हीं महिलाओं को मिल सकेगा जो यहां की मूल निवासी हैं। योजना की राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेज दी जाएगी। इस योजना का लाभ लेने के लिए तलाकशुदा या विधवा महिला को प्रमाण पत्र देना होगा। इसके साथ ही साथ बच्चों की उम्र और निवास से जुड़े दस्तावेज भी जमा करने होंगे। पात्र लाभार्थियों के खाते में सरकार की तरफ से हर महीने चार-चार हजार रूपए डाल दिए जाएंगे ताकि जरूरतमंद लोगों को इस योजना के तहत मदद की जा सके।

## लगातार हो रहे ट्रेन हादसे को रोकने के लिए पटरी के पास लोगों ने की पूजा

### भगवान विश्वकर्मा और भोलेनाथ से की विनती, कहा..बाबा अब आपका ही सहारा

**चन्दन कुमार चौब । सिटी चीफ**

हाजीपुर, देश में आए दिन ट्रेन हादसे हो रहे हैं। लगातार हो रही ट्रेन दुर्घटना के कारण कई यात्री असमय काल के गाल में समा रहे हैं। ताजा घटना झारखंड के चक्रधरपुर के राजखरसावां-बडाबांबो स्टेशन के बीच हुए ट्रेन हादसे की है। जहां 12810 मुंबई मेल हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है जबकि दर्जनों लोग घायल बताए जा रहे हैं। लगातार हो रहे ट्रेन हादसे से लोग काफी दहशत में हैं। लोग इस बात को लेकर परेशान हैं कि वो भी लगातार ट्रेन से यात्रा करते हैं ऐसे में उन्हें भी यह डर सता रहा है कि कही वो भी ट्रेन हादसे के शिकार ना हो जाएगा। इसे लेकर हाजीपुर में लोगों ने रेलवे पटरी के बगल में बैठकर भगवान विश्वकर्मा और भोले शंकर की पूजा अर्चना की और भगवान से प्रार्थना किया कि फिर रेल दुर्घटना ना हो।



लोगों ने भगवान से विनती की है कि बाबा हो रही रेल दुर्घटना को रोक दीजिए क्योंकि अब आप ही एक सहारा हैं। पूजा अर्चना करते हुए लोगों ने कहा कि अब आप के शरण में हम आए हैं अब रेल घटना ना हो इसके लिए आज पूजा-अर्चना किया गया है। रतनपुर के माता भवानी के समीप पत्थर पर रखकर पूजा-अर्चना किया गया। पंडित मदन मोहन आचार्य की देखरेख में पूजा संपन्न हुआ। इस मौके पर केदार यादव ने कहा कि भगवान भोलेनाथ और विश्वकर्मा भगवान ही ट्रेन दुर्घटना होने से बचा सकते हैं।

## धावा दल द्वारा एक बाल श्रमिक बच्चों को कराया विमुक्त

**चन्दन कुमार चौब । सिटी चीफ**

शिवहर, शिवहर जिला श्रम अधीक्षक-विजय कुमार ठाकुर के निर्देशानुसार पर श्रम विभाग के धावा दल द्वारा पुरनहिया प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठानों,दुकानों में सघन जांच अभियान चलाया गया। इस मौके पर श्रम प्रवर्तन ने बताया कि धावा दल के द्वारा पुरनहिया प्रखंड में विभिन्न प्रतिष्ठान में सघन जांच अभियान चलायी गई। जांच के क्रम में एक बाल श्रमिकों को गठित धावा दल द्वारा विमुक्त कराया गया है। उन्होंने




बताया कि नियोजक के विरुद्ध पुरनहिया थाना में बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई है। बाल श्रमिकों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर बाल गृह में आवासित कराए जाने की प्रक्रिया की जा रही है। वहीं बच्चे एवं उनके परिवार को विभिन्न योजनाओं से पुनर्वासित किया जाएगा। धावा दल में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी पूरनहिया-हैदर अली अंसारी, अभय कुमार सिंग श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी तरियानी,सुरेश कुमार-श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी पिपराही,बिहार ग्राम विकास परिषद संगठन -अनिल कुमार, पूरनहिया थाना पुलिस बल मौजूद रहे।

## पटना में किसान की हत्याय खेत में पटवन करने गए थेए अपराधियों ने चाकू गोदकर मार डाला

पटना के शाहजहांपुर में अपराधियों ने मंगलवार मध्य रात्रि को खेत में पटवन कर रहे एक किसान की चाकू गोद कर हत्या कर दी। बुधवार सुबह जब लोग मॉर्निंग वॉक और शौच के लिए गांव में निकले तो किसान के शव को देखकर इसकी सूचना शाहजहांपुर थाने को दी। सूचना मिलते ही पूरे गांव में सनसनी फैल गई। गांव के लोग मौके पर पहुंचकर मृतक किसान की पहचान भगवान को 45 वर्ष के रूप में की है। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी स्थानीय थाना शाहजहांपुर को दी। सूचना मिलने के बाद शाहजहांपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल पर एफएसएल टीम और डॉग स्क्वायड दस्ते को भी बुलाया है। घटना की पुष्टि करते हुए शाहजहांपुर थाना प्रभारी ने बताया कि सुबह में सूचना मिली कि एक किसान की चाकू गोद कर हत्या कर दी गई है।

## मंत्री प्रेम कुमार पर भड़कीं डिप्टी मेयर , कहा-यदि मिल गया तो लहरा देंगे

**चन्दन कुमार चौब । सिटी चीफ**

गया, सहकारिता, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार पर गया की डिप्टी मेयर भड़क गई और कहने लगी कि मिल जाए विधायक जी तो उसको लहरा देंगे। गया नगर निगम के जनप्रतिनिधि नगर विधायक डॉ. प्रेम कुमार और बिहार सरकार के मंत्री पर आग बबूला हैं।

डिप्टी मेयर चिंता देवी का कहना है कि नगर विधायक ने कहा है कि दुर्भाग्य है कि नगर निगम में गलत लोग आ गए हैं। ऐसा कहकर नगर विधायक ने नगर निगम के मेयर 53 वार्ड पार्षद और डिप्टी मेयर के साथ साथ गया कि जनता का अपमान किया है। यह अपमान नगर निगम के जन प्रतिनिधि बर्दाश्त नहीं करेंगे। उनके खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। यही नहीं यदि वह कहीं भी शहर में मिल गए तो उन्हें उसी जगह पर लहरा दिया जाएगा। ये बातें डिप्टी मेयर चिंता देवी ने पूरे ताव के साथ मेज पीटते हुई मीडिया के समक्ष कहीं।

सशक्त समिति के सदस्य मोहन श्रीवास्तव भी इस मौके पर गुस्से में दिखे। कहा कि नगर विधायक ने बीते दिनों सेंट्रल बिहार चैम्बर आफ कॉमर्स की मीटिंग में खुल्ले मंच से कहा था कि नगर निगम में गलत लोग चुन कर आ गए हैं। ऐसा कह कर नगर विधायक ने



नगर निगम के सभी जनप्रतिनिधियों को अपमानित किया है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसा कह कर उन्होंने गया की जनता का अपमान किया है।

इसके विरोध में सभी पार्षद अपने अपने क्षेत्र के थाना में नगर विधायक के खिलाफ केस दर्ज कराएंगे।

इसके अलावा हाल ही में प्रकाशित गजट में अपशिष्ट प्रबंधन, झाड़ू, साफ सफाई का काम और नगर आयुक्त द्वारा एजेंडा लाने और प्रोसिडिंग का अधिकार दिए जाने का विरोध करते हुए कहा कि इसके विरोध में सभी प्रदेश के सभी नगर निगम ने मोर्चा खोला है।

गया नगर निगम भी इस लड़ाई में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहा है। इस मौके पर बिहार सरकार की ओर से प्रकाशित गजट को गया नगर निगम के सभी पार्षद, मेयर डिप्टी मेयर ने आग के हवाले किया।

वहीं मेयर वीरेंद्र पासवान उर्फ गणेश पासवान ने कहा कि संविधान के विरुद्ध जाकर नगर निगम के वार्ड पार्षद, मेयर, डिप्टी मेयर का अधिकार ओवररूल किया जा रहा है। यह गलत है। इसकी लड़ाई पुरजोर तरीके से लड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर विधायक प्रेम कुमार अक्सर जनता को गुमराह कर रहे है। इस बार तो उन्होंने कह दिया कि दुर्भाग्य है कि नगर निगम में गलत लोग चुन कर आ गए हैं। यह शोभनीय नहीं है। इसके विरोध में हमलोग केस दर्ज करा रहे हैं। केस दर्ज किए जाने के बाद यदि गिरफ्तारी नहीं हुई तो सड़कों पर उतर कर आंदोलन किया जाएगा।